हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 24 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र करें पूर्ण : कलेक्टर



## खबर संक्षेप

### डेम मरम्मत के लिए 3 करोड़ की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से जिले के फरसाबहार विकास खंड के कोनपारा तालाब (दलटोली डेम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। राज्य शासन द्वारा विकासखंड फरसाबहार की कोनपारा तालाब दलटोली डेम का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु लागत राशि 347.21 लाख (तीन करोड़ सैतालीस लाख ईक्कीस हजार) प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### विद्यार्थियों को दी योग आयुर्वेद की जानकारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरूवार को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी द्वारा छात्र-छात्राओं को योग, आयुर्वेद, आहार, चिकित्सा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि योग को अपनाकर शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक रूप से स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। योग से नशा, वासना, रसना, अपराध, आत्महत्या से बचा जा सकता है। साथ ही जीवन को उत्साह में परिवर्तित किया जा सकता है। योग से स्वस्थ, सफलता, शक्ति, समृद्धि प्राप्त होती है तथा व्यक्ति योग्य, उपयोगी एवं सहयोगी बनता है।

### ग्राम उत्कर्ष अभियान हेतु सीईओ नोडल अधिकारी

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिला सरगुजा के 416 चिन्हित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं विकासखण्ड अम्बिकापुर हेतु अम्बिकापुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह सेंगर, विकासखण्ड लुण्ड्रा हेतु जनपद पंचायत लुण्ड्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रीति भगत, विकासखण्ड बतौली हेतु जपं बतौली के सीईओ लक्ष्मी नारायण सिदार, विकासखण्ड सीतापुर हेतु जपं सीतापुर के सीईओ सुश्री खुशबू शास्त्री, विकासखण्ड मैनपाट हेतु जपं मैनपाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुबेर सिंह उरेती, विकासखण्ड लखनपुर हेतु जनपद पंचायत लखनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह एवं विकासखण्ड उदयपुर हेतु जनपद पंचायत उदयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता नोडल अधिकारी होंगे।

### बाइक चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक मोटरसाइकिल चोरी मामले के आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने बताया कि गत दिनों 29 जुलाई को ग्राम दतिमा निवासी प्रार्थी कॉलरीकर्मी 58 वर्षीय गुलजार मोहम्मद पिता सहाबुद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई कि 28 जुलाई की रात उनके घर की बाउंड्री के अंदर खड़ी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 3945 को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी।कुछ दिनों पश्चात दिनांक 22 जुलाई दिन शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी किये गये बाइक को दो युवक कमलापुर गांव से कुम्दा 7-8 खदान की तरफ जा रहे हैं,इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर दो आरोपियों क्रमशः ग्राम अजिरमा, शांतिनगर अम्बिकापुर निवासी 38 वर्षीय राकेश तिग्गा उर्फ छोटू पिता गेबरियल तिग्गा व अजिरमा शांतिनगर अम्बिकापुर निवासी 21 वर्षीय राहुल खलखो पिता स्व.जय सिंह खलखो को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

## वाहन तो दूर, पैदल चलना भी है मुश्किल

# कीचड़-पानी से दलदल बनी सड़क पुतली-अमडीहा के ग्रामवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकासखंड फरसाबहार की एक बड़ी आबादी आज भी पक्की सड़क के अभाव में जी रही है। ग्राम पुटली से अमडीहा और पुटली से जामबहार मेन रोड तक करीब 10 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग आज भी कीचड़, गड्ढों और दलदल से भरा है। बरसात के दिनों में यह रास्ता इतना खराब हो जाता है कि गांव पूरी तरह से मुख्य मार्ग से कटकर अलग-थलग पड़ जाता है।

पुटली के वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 में करीब 100 परिवार रहते हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 300 लोग है। बरसात शुरू होते ही इन वार्डों से आने-जाने का एकमात्र रास्ता कीचड़ और पानी से लबालब भर जाता है। हालत यह है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, वाहन तो दूर की बात है। गांव के लोग इसे मज़ाक में 'पुटली टापू' कहते हैं, लेकिन उनके लिए यह मज़ाक नहीं बल्कि साल दर साल झेली जाने वाली एक गंभीर समस्या है।



### मरीजों को खटिया पर ले जाना पड़ता है

गांव के बुजुर्ग जुलियस तिर्की बताते हैं कि बरसात में अगर कोई बीमार हो जाए तो हम मरीज को खटिया में लादकर, चार–छह लोग मिलकर मुख्य सड़क तक ले जाते हैं। कई बार मरीज की हालत बिगड़ जाती है क्योंकि समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाता। यहाँ तक कि शव वाहन भी गाँव तक नहीं पहुँच पाता। अंतिम संस्कार के लिए भी परिजनों को शव को उठाकर, कंधों पर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। आपात स्थितियों में जीवनरक्षक सेवाएँ समय पर न मिल पाने से कई बार गंभीर हालात बन जाते हैं, और कई जानें भी चली गई हैं।

### बरसाती दिनों में वैकल्पिक रास्ता तैयार किया जाए

मानसून के समय आवागमन सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग या अस्थायी पुलिया का निर्माण किया जाए। आपातकालीन सेवाओं की पहुँच गाँव में एम्बुलेंस, शव वाहन और राहत सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि ग्रामीणों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

### लिखित ज्ञापन भी दिया जा चुका

अमडीहा के सरपंच बालक साय ने बताया कि सड़क निर्माण की माँग को लेकर कई बार पंचायत और बगिया में लिखित ज्ञापन दिया है। अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### वर्षों से संघर्ष, लेकिन नतीजा शून्य

अनीता लकड़ा, जो गांव की सक्रिय महिला प्रतिनिधि हैं, कहती हैं कि हमने पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक कई बार आवेदन दिया। हर बार आश्वासन मिला कि सड़क बनेगी, लेकिन आजादी के 78 साल बाद भी पक्की सड़क के लिए हमें इंतजार करना पड़ रहा है। अमडीहा के उपसरपंच दीपक लकड़ा ने भी यही पीड़ा जताई। उनके अनुसार यह केवल परिवहन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लोगों के जीवन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ा हुआ है।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि अब धैर्य जवाब दे चुका है। यदि जल्द ही सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे सामूहिक रूप से उग्र आंदोलन करेंगे। गांव के युवाओं ने पहले से ही सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है, और जिले के कई सामाजिक संगठनों ने भी उनका समर्थन जताया है।ग्रामीणों की मुख्य माँगें में तत्काल सड़क निर्माण हो पुटली से अमडीहा और पुटली से जामबहार मेन रोड तक पक्की सड़क बनाई जाए।

## ग्राम पंचायत सलका स्थित प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के भरोसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

प्राथमिक शिक्षा बच्चों के नींव को मजबूती प्रदान करने वाली शिक्षा होती है। ऐसे में नींव ही कमजोर हो जाए तो बच्चों के उज्जवल भविष्य पर क्या असर पड़ेगा यह आसानी से समझा जा सकता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसे लेकर शासन-प्रशासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं चला रही।

प्राथमिक पाठशाला से ही बच्चों को शासन स्तर से योजना के तहत कई शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। परंतु स्कूल में शिक्षक की कमी की समस्या दूर नहीं हो सकी। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत सलका गोडपारा में संचालित शासकीय प्राथमिक पाठशाला की है जहां प्रधान पाठक के भरोसे स्कूल संचालित है। एक शिक्षक होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी है। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल के सहायक शिक्षक फरवरी माह से नदारद है। ऐसे में स्कूल में एक शिक्षक होने से बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ने से अभिभावकों आक्रोश है। सूरजपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलका गोड पारा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में दो स्टॉप है ।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

संकुल समन्वयक द्वारा सहायक शिक्षक के बिना बताए ही स्कूल से अनुपस्थित होने की लिखित सूचना उच्च कार्यालय को प्रस्तुत किया है। साथ ही उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया। इसके बाद भी आज तक सहायक शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित हैं।

-**दुलेश्वर प्रसाद राजवाड़े**, प्रधान पाठक

### तीन बार दिया गया है नोटिस

हमने अपने स्तर से विभाग में लिखित सूचना दिए हैं जिस पर विभाग से सहायक शिक्षक को तीन बार नोटिस भी दिया जा चुका है। लेकिन आज तक सहायक शिक्षक ने न तो उच्च कार्यालय को और न ही संकुल को जवाब दिया है।

-**अशोक परस्ते**, संकुल समन्वयक

### मामले की कराई जाएगी जांच

स्कूल से सहायक शिक्षक बिना सूचना दिए है अनुपस्थित है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत मामला सही पाए जाने पर सहायक शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-**अजय मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी

## 38 दिनों में जिले के 49 सौ प्रतिभागी शिक्षक प्रशिक्षित



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित 'यशस्वी जशपुर'कार्यक्रम के अंतर्गत 38 दिनों तक लगातार चले इस व्यापक अभियान में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

■ यशस्वी जशपुर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का समापन

अंतिम दिन पत्थलगांव विकासखंड के प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों के उन्मुखीकरण के साथ प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिले के लगभग 4900 प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठक, हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता, छात्रावास अधीक्षक, ग्रंथपाल, प्रयोगशाला सहायक सहित बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, संकुल समन्वयक, व्यायाम शिक्षक शामिल रहे। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि, नेतृत्व क्षमता विकास, उपचारात्मक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालयों की भूमिका को सशक्त करना तथा शिक्षकीय अमले में आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता का विकास करना रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, डीईओ पीके भटनागर के निर्देशन में आयोजित हुआ है। संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने प्रशिक्षण में प्रतिदिन विशेष सत्र लिया। स्कूल रेडिनेस, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रोजेक्ट कार्य, माइंड मैपिंग, टीम वर्क, संवाद कौशल, व्यवहार प्रबंधन, डिजिटल टूल्स का उपयोग, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की नवीन तकनीकों, विज्ञान प्रयोगों के साथ अध्यापन, उपचारात्मक शिक्षण, नेतृत्व क्षमता, चुनौतियां और समाधान प्रशिक्षण के मुख्य विषयों में शामिल रहे । प्रशिक्षण आयोजन में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय और शिक्षक संजय दास, सीमा गुप्ता राजेंद्र प्रेमी की भूमिका विशेष रही।

## कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण का लिया जायजा

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज शुक्रवार को जिले के ग्राम कुरुवां और केशवनगर के खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद राजस्व अधिकारीयों से कहा कि खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत लगाए गए फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण गुणवत्तापूर्ण किया जाना चाहिए,इस दौरान कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को सतत निगरानी रखने तथा निर्धारित तिथि तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं,इस अवसर पर सूरजपुर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य राजस्व अमला मौजूद रहे।कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदार प्राथमिकता से अधिक से अधिक प्लॉट्स का सर्वे पूरा करवाएं ताकि अधिक से अधिक किसान इस प्रक्रिया से लाभान्वित हो सकें।

## कोतबा में दुर्गा पूजन एवं दशहरा की तैयारियों के लिए हुई बैठक

**कोतबा।** धर्म नगरी कोतबा में नवरात्र अनोखी व भव्य होती है। यहां कई दशक से एक ही स्थान तिलगोड़ा प्रांगण में पंडाल में विराजमान होती है माता दुर्गा,यहां 9 दिनों तक विधिविधान से पूजन हवन के साथ क्षेत्र के 21 से अधिक गाँवो के 5000 से अधिक भक्त एक साथ महाआरती में सम्मिलित होते हैं। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है।

■ नहीं बनाई गई कोई समिति, नगरवासी मिलकर करते हैं मां दुर्गा की स्थापना



बल्कि क्षेत्र में एकता की मिसाल बन गया है इस आयोजन के संचालन के लिए समिति का गठन कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पदाधिकारी न बनाकर पूरा नगर के स्वयंसेवक कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्यो का प्रभार लेकर आयोजन को भव्य बनाते है पूरे क्षेत्र में केवल एक ही जगह दुर्गा पूजन का आयोजन भक्ति भाव के साथ संपन्न होता है। इस वर्ष आयोजित सार्वजनिक दुर्गा पूजन समारोह,रावण दहन एवं दशहरा पर्व सहित नवरात्र महोत्सव के सफल आयोजन के लिए नगरवासी एकजुट हो कर बैठक किए। इस अवसर पर सेठ गोपीराम धर्मशाला में आयोजित बैठक में भारी संख्या में नगरवासी, भक्त एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न कार्यों के लिए नगरवासियो मे से विभिन्न व्यक्तियों को अलग-अलग कार्यों के प्रभार दिए गए।जिसमें भंडार कक्ष, वित्तीय प्रभार , स्थापना स्थल व्यवस्था प्रभार, प्रसाद वितरण प्रभार, संरक्षक एवं यजमान का मनोनयन किया गया। टेंट और साउंड हेतु चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी किसी भी प्रकार के समिति के पदाधिकारियों का गठन नहीं किया गया, बल्कि सामूहिक रूप से समस्त नगरवासी ही आयोजन की बागडोर संभालेंगे। सभी ने संकल्प लिया कि शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा भवानी की सेवा एवं पूजन महोत्सव को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से सुखसागर अग्रवाल, सुमित शर्मा, सुरेश अग्रवाल, नवरंग अग्रवाल, विजय शर्मा, अजय शर्मा, ललित अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल , बसंत गुप्ता, महेश अग्रवाल, खुशीराम शर्मा, आनंद शर्मा, मनीष अग्रवाल, सांवरिया, राजेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, जयंत शर्मा, छोटू शर्मा, सुनील शर्मा, संतोष गुप्ता, अग्रसेन बेहरा, पवन शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष हितेंद्र सिंह, पार्षद पंकज शर्मा, पार्षद सुमित शर्मा, उमाशंकर भगत,अजय गुप्ता, धरम साहू, टीनू शर्मा, बसंत शर्मा, मयंक शर्मा, योगेंद्र शर्मा, अनुराग शर्मा, विक्की शर्मा, कैलाश शर्मा, साहिल शर्मा, संस्कार अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, नवीन शर्मा, गौरी साहू, कमल शर्मा, के एन पटेल, सत्यनारायण पटेल,विजय शंकर चौधरी जी, मोहन बंजारा,सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## राजापुर तालाडांड में पखवाड़े भर से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीणों में नाराजगी

**बिश्रामपुर।** ग्राम राजापुर के तालाडांड इलाके में पिछले पखवाड़े भर से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गौरतलब है कि सिलफिली विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत ग्राम राजापुर के तालाडांड में विभाग द्वारा लगाया गया विद्युत ट्रांसफार्मर करीब बीस दिनों से खराब होकर बंद पड़ा हुआ है,मामले की कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक विभाग की तरफ से न तो मरम्मत कराया गया है और न ही इसके बदले कोई दूसरा ट्रांसफार्मर स्थापित कराया गया है।वर्तमान में बरसात के मौसम में बिजली संकट ने ग्रामीणों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है, विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से न लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं,बल्कि खेतों में किसानों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, वहीं छात्रों की पढ़ाई पर भी सीधा असर पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग को कई बार शिकायतें करने के बाद भी निराकरण हेतु कोई पहल नहीं की जा रही है।

## आश्रम/छात्रावासों के लिए चयनित महिला अभ्यर्थी की ज्वाइनिंग 1 सितंबर से

**बलरामपुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती का अंतिम परिणाम 8 अगस्त को जारी किया गया है। इस संबंध में जिला सेनानी नगर सेना बलरामपुर के द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले में आश्रम छात्रावास के लिए चयनित हुई महिला अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग 1 सितंबर से 10 सितंबर तक कार्यालय नगर सेना बलरामपुर में लिया जाएगा। साथ ही ज्वाइनिंग लेने के पश्चात 15 सितंबर से बेसिक बुनियादी प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जाएगा। ज्वाइनिंग के समय चयनित महिला अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं 1 सेट छायाप्रति लेकर उपस्थित होवें। साथ ही चिकित्सकीय प्रमाण पत्र तथा पुलिस चरित्र सत्यापन के समय अयोग्य पाये जाने पर सेवा से पृथक कर दिया जाएगा।

## जशपुरिया जायका कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन

# पारंपरिक व्यंजन परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीकः भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में आयोजित जशपुरिया जायका कार्यक्रम में लोगों को जशपुर की संस्कृति में रची बसी आदिवासी समुदायों के पारंपरिक व्यंजनों को जानने और समझने का अवसर मिला। यहां पर जशपुर की स्थानीय जनजाति उरांव, गोंड, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, मुंडा, नगेशिया, कंवर, भूईहर, खैरवार और अगरिया जनजातियों के द्वारा प्रदर्शित की गई उनके पारंपरिक व्यंजनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

■ स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिकता से भरपूर होते हैं यह व्यंजन

लोग इन व्यंजनों के बारे में जानने और समझने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। पौष्टिकता और स्वादिष्ट से भरपूर ये व्यंजन इन जनजातीय समुदाय की परंपरा, संस्कृति और जीवनशैली को भी प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सहित अन्य अतिथियों ने इन जनजातीय समुदायों ⏭ शेष पेज 4 पर



**पूरी दुनिया को हो जानकारीः** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जशपुरिया जायका कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के पारंपरिक व्यंजनों के महत्व के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताना है, ताकि यहां की संस्कृति और खानपान के बारे में पूरी दुनिया को जानकारी हो सके। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी पार्षदगण राजेश कुमार गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री यादव, श्रीमती कंचन बैरागी, विजेता भगत, शशि भगत, कमला बाई, और शबनम खातून, एसडीएम विश्वास राव मस्के, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### आदिवासी संस्कृति को सहेजना हमारी जिम्मेदारी

इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में जनजातीय संस्कृति, खान-पान, पूजा पद्धति, पारंपरिक व्यंजनों को सहेजने पर जोर देते हुए कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आज के युवाओं को हमारी संस्कृति से परिचित कराने जशपुरिया जायका जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि तीजा, जितिया, सोहराई, करमा सहित अन्य त्योहारों में अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। त्योहारों के साथ ही विभिन्न पकवानों का आनंद हमारी परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। इन व्यंजनों के माध्यम से हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने का अवसर मिलता है।

## 109 महिलाओं की कैम्प में स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकों ने दिए परामर्श



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में 'महतारी मेगा हेल्थ कैम्प' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जहां चिकित्सकों द्वारा तत्समय जांच कर परामर्श करते हुए उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की। इस कैम्प में रक्तचाप, मधुमेह, मौसमी बुखार, जुखाम जैसी बीमारियों की जांच की गई। शिविर में कुल 109 महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच चिकित्सकों द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पार्षदगण राजेश कुमार गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री यादव, कंचन बैरागी, विजेता भगत, शशि भगत, कमला बाई, शबनम खातून, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित महिलाएं मौजूद रहीं।



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

## लाइफ Style



# कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।




# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला




# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

## गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

# बेबदी में डायरिया से एक महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बलंगी क्षेत्र में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई इसके साथ ही परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर है। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ, बीएमओ प्रभावित गांव पहुंचे। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

बताया जा रहा है कि जिले के बलंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेबदी निवासी 35 वर्षीया लीलावती पति सूरज लाल को 21 अगस्त को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई थी। लगातार उल्टी दस्त व हाथ पैर में खिचाव के कारण महिला को देर रात पीएचसी बलंगी से सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह 7 बजे महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही परिवार की 36 वर्षीया जुगमनिया पति रामलाल व 28 वर्षीया बिफिया पति राम शरण को भी उल्टी दस्त की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं एहतियातन परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीएचसी बंगली में एडमिट करने के निर्देश दिए गये है। बताया जा रहा है कि गांव में सिर्फ एक ही परिवार में डायरिया की शिकायत है। ऐसे में फिलहाल डायरिया के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन दूषित भोजन पानी के कारण डायरिया होने की बात कही जा रही है। परिवार के सदस्य 15 अगस्त के आस पास से बारी-बारी बीमार पड़ रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह भी प्रभावित गांव पहुंचे और मृतक के परिजन से मुलाकत की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ताजा भोजन करने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने एहतियातन गांव में कैंप लगाने के निर्देश है।

**एक ही परिवार के लोग हुए प्रभावित, सीएमएचओ पहुंचे प्रभावित गांव**



**चल रहा है उपचार**

घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभावित गांव का दौरा किया गया है। एक महिला की मौत हुई है। इसके साथ ही दो अन्य लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत पर भर्ती कराया गया है। गांव में कोई दूसरा परिवार डायरिया से प्रभावित नहीं मिला है फिर भी एहतियातन कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ

### नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर जारी है अनिश्चितकालीन हड़ताल

# अनोखा प्रदर्शनः एनएचएम कर्मियों ने कोटरा लेकर मांगी भीख



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। एनएचएम के चिकित्सा, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी हाथ में कोटरा लेकर सड़क पर निकले और भीख मांगा। संघ ने शहर के दुकानों, ठेले गुमटियों से भीख मांगकर अपना विरोध जताया। इतना ही नहीं कर्मचारी इस राशि को शासन के कोष में जमा कराएंगे ताकि शासन उन्हें नियमितीकरण का उपहार प्रदान करे।

**खास बात**
- हड़ताल से ठप है पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं

दरअसल संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, योग्यता एवं कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी एनएचएम के 650 से अधिक चिकित्सक, स्टाफ नर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य संविदाकर्मी हड़ताल पर चल रहे है। इस हड़ताल के कारण पीएचसी, सीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, मोहल्ला क्लिनिक में काम काज ठप हो गया है। इसके साथ ही इस बार बच्चों के उपचार की सुविधा एसएनसीयू भी इस हड़ताल में प्रभावित हुई है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद भी अब तक शासन की ओर से कोई पहल नहीं की है। ऐसे में एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारी एसबीआई कलेक्टोरेट ब्रांच के सामने स्थित धरना स्थल से हाथों में कटोरा लेकर भीख मांगने निकले। कर्मचारियों ने शहर के दुकानों, ठेले-गुमटियों और राह चलते लोगों से भीख मांगा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने भी एनएचएम के कर्मचारियों को भिक्षा दी। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। पूर्व में मिले वर्षों के आश्वासन के बाद भी कोई मांग पूरी नहीं हुई। इतना ही नहीं हड़ताल पर अब तक सरकार से कोई उनसे मिलने नहीं आया। ऐसे में उन्होंने भीख मांगकर जनता को अपनी समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया। इसके साथ ही भीख में मिली राशि को कर्मचारियों द्वारा शासन के कोष में जमा कराया जाएगा ताकि शासन उन्हें उसी राशि का उपयोग कर उपहार में नियमितीकरण प्रदान करे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है शासन प्रदर्शन और हड़ताल जारी रहेगा।

## अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में

केंद्र के समान महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी-कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। शासकीय कर्मियों ने एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया और अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में काम काज प्रभावित रहा और ज्यादातर कार्यालयों में ताले लटके रहे। इसके साथ ही इस हड़ताल में चिकित्सक भी शामिल हुए जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई। हड़ताल के बाद रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि शुक्रवार को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेशभर के साथ ही सरगुजा में शासकीय अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल के तहत कर्मचारियों, अधिकारियों ने गांधी चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान फेडरेशन के कमलेश सोनी, डॉ. सीके मिश्रा सहित अन्य ने बताया कि फेडरेशन द्वारा वर्षों से महंगाई भत्ता समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे है। पिछली सरकार में हमें आश्वासन मिला लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। चुनाव के दौरान वर्तमान की सरकार ने भी मोदी की गारंटी के तहत सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया था अब तक मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से महंगाई भत्ता को रोक कर रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता, महंगाई राहत दिया जाए। इसके साथ ही वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8,16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाय। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए।



## फेडरेशन ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी लागू करने के संबंध में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर आज प्रदेशभर में एकजुट होकर सभी कर्मचारी-अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार की गारंटी के अनुरूप सुविधाएं लागू करने और राज्य सरकार से लंबित मांगों के जल्द निराकरण की मांग को लेकर किया गया। प्रदेश के विभिन्न संगठनों ने भी फेडरेशन के आंदोलन को पूर्ण समर्थन कर आंदोलन में शामिल हुए। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कर्मचारी अधिकारी का जनसैलाब आना इस बात का सबूत है कि शासन के प्रति सभी में आक्रोश व्याप्त है। जिले के सुदूर अंचलों से सभी कर्मचारी-अधिकारी की उपस्थिति निश्चित तौर पर शासन को सोचने पर मजबूर कर देगी कि ज्यादा समय तक कर्मचारी अधिकारियों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। फेडरेशन के सभी संगठनों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने इस आंदोलन में भाग लेकर अपने कार्यक्रम को सफल बनाया।

- मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## डॉ. सोनी को मिला बेस्ट आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को नेल्सन मंडेला से सम्मानित किया गया है। इंदौर में आयोजित नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंट 2025 में लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों डॉ. डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड दिया गया । बता दे कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डीके सोनी द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं।

इसी कड़ी में ग्रो भारत फाउंडेशन के चयन समिति द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का नॉमिनेशन मंगाया गया और उसके बाद चयन किया गया जिसमें सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं पीआईएल एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए अंबिकापुर के अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ



डीके सोनी को भारत के अन्य राज्यों तथा नेपाल से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं के समक्ष इंदौर में 17 अगस्त को लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ. सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इसके साथ ही डॉ. सोनी ने अपने कार्यों की जानकारी मंच के माध्यम से साझा की। अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

## नशे से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया नवजीवन महाअभियान

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले को नशा मुक्त बनाने अभियान नवजीवन मुहिम में पुलिस का कदम से कदम मिलाकर नागरिक और स्कूली बच्चे साथ दे रहे है। नशा न करने का मजबूत संदेश से समाज को अवगत करा रहे है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों एवं स्कूली बच्चों से कहा कि केवल पुलिस की सख्त कार्रवाई से नशा को समाप्त नहीं किया जा सकता इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। समाज को जागरूकत करना होगा ताकि नशे की कुरीति से बच सके।

कोतवारी पुलिस द्वारा बालक हाईस्कूल, थाना जयनगर ने हाईस्कूल जयनगर, थाना विश्रामपुर ने हाईस्कूल रामनगर, चौकी खड़गवां ने हायर सेकेण्डरी स्कूल, थाना झिलमिली ने हाईस्कूल दवना, चौकी चेन्द्रा ने हाईस्कूल चन्द्रमेढ़ा, थाना प्रेमनगर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रेमनगर, चौकी तारा ने हाईस्कूल तारा, चौकी मोहरसोप द्वारा हाईस्कूल मोहरसोप, थाना ओड़गी ने हाईस्कूल ओड़गी, चौकी बसदेई ने जवाहर नवोदय विद्यालय, चौकी रेवटी ने हाईस्कूल गोविन्दपुर, चौकी सलका ने स्वामी आत्मानंद स्कूल, चौकी करंजी ने प्राथमिक शाला दतिमा, चौकी खड़गवां ने हाईस्कूल पंपापुर सहित अन्य थाना-चौकी द्वारा स्कूलों में नशे से बचाव की जानकारी देते हुए नवजीवन अभियान का मानव श्रृखंला बनवाकर, नशा न करने और न करने देने की शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मिला वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिलकर संघ के कार्यालय तथा बापू की कुटिया में हुई चोरी के संबंध में अवगत कराया। संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अनिल गोयल ने कलेक्टर को बताया कि गत दिनों वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यालय में दो बार चोरी हुई थी और इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी थी किन्तु चोर आज तक पकड़ में नहीं आए। इसके अलावा बापू की कुटिया में दो बार हुई चोरी के संबंध में कलेक्टर जानकारी देकर अवगत कराया। साथ ही कलेक्टर से विस्तृत चर्चा कर बापू की कुटिया में एक चौकीदार की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने बापू की कुटिया में चौकीदार की व्यवस्था करने तथा सीसी टी व्ही कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक हरिदास अग्रवाल, आरएस मिश्रा, सचिव मोती लाल गुप्ता उपस्थित थे।

### एनएच की जर्जर सड़क पर पलटा ई रिक्शा



**राजपुर।** एनएच 343 पर बने गड्ढे आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे है। शुक्रवार को फिर से गड्ढे को भरने के लिए डाले गए बड़े बड़े बोल्डर के कारण एक ई रिक्शा पलट गई। इस दौरान रिक्शा सवार लोगो को मामूली चोट आई है। इन घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण बने गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार द्वारा बड़े बड़े बोल्डर डाल दिए गये है जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। शुक्रवार को भी एनएच की जर्जर सड़क के कारण एक हादसा हो गया जिसमें लोग बाल बाल बच गये। गड्ढों के कारण यात्रियों से भरी ई रिक्शा बीच सड़क पर पलट गई। ग्रामीण खाद लेकर गांव जा रहे थे। दुर्घटना के बाद ग्रामीण घायल हो गये जबकि बीज भीग गया। स्थानीय लोगों की मदद से ग्रामीण को उठाया गया। इस संबंध में पार्षद राजन त्रिपाठी ने बताया कि जर्जर सडक के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकिन विभाग और ठेकेदार द्वारा समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में एनएच के एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि बारिश के कारण सडक के गड्ढों को भरने का काम नहीं हो पा रहा है। बारिश के बाद सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ठेकदार को निर्देश दिए गये है।

### खदान में दो सुरक्षाकर्मियों पर हमला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान क्षेत्रों में कबाड़ व केबल चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय होकर आतंक फैला रहा है।घटना गुरुवार 21 अगस्त की मध्य रात्रि की बताई गई है,कुमदा रेलवे साइडिंग में ड्यूटी कर रहे दो सुरक्षा कर्मी जुगेश्वर और कन्नी लाल की लोहे की रॉड से पिटाई कर साइडिंग में लगा बीस मीटर से अधिक लाइटिंग केबल काट कर ले गए।मारपीट की घटना मध्य रात्रि करीब सवा दो बजे के आसपास की बताई गई है।लोहे की रॉड से मारपीट में जुगेशवर का पैर फैक्चर हो गया है एवं सब्बल से हमले में कन्नीलाल को सीने में चोटें आई है, दोनों आहतों को इलाज के लिए केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।बताया गया कि गत सप्ताह 7-8 खदान के बूम बैरियर में लगे एसी को भी अज्ञात चोरों ने मध्यरात्रि में पार कर दिया था जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस में दी गई है, साथ ही बूम बैरियर में लगे सीसी टीवी फुटेज भी खदान प्रबंधन ने पुलिस को उपलब्ध कराया है। जिसमें दो चोर वारदात को अंजाम देते कैमरे में दिख रहे हैं।खदान क्षेत्रों में कबाड़ और केबल चोरों के बढ़े हौसले से अब सुरक्षा कर्मी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे है।घटना के दौरान चोरों द्वारा सुरक्षा कर्मियों की रेकी करने की भी जानकारी सामने आई है।बीती रात त्रिपुरा बटालियन की पेट्रोलिंग पार्टी कुमदा में मौजूद थी,जैसे ही गश्त पार्टी बिश्रामपुर के लिए रवाना हुई वैसे ही चोरों ने कुम्दा साइडिंग में हमला बोल दिया और दोनों सुरक्षा कर्मी का पहले मोबाइल लुट लिया, फिर पिटाई कर घायल करते हुए केबल काटकर ले गए।





### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**प्रतापपुर।** धंधापुर निवासी दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 77113 से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार खड़गवां मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी एसईसीएल कंपनी में चल रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 3755 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

C.G.SCHOOL/COLLEGE OF NURSING
Bilaspur & Raipur
23 वर्षों से संचालित नर्सिंग चिकित्सा, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था
BSc Nursing
4yr (12 पास बायो के लिए)
GNM Nursing
3yr (12वी पास सभी विषयों के लिए)
सी जी स्कूल / कॉलेज ऑफ नर्सिंग क्यों है स्टूडेंट्स की पहली पसंद ?
रजिस्ट्रेशन प्रारंभ 2025-26



क्योंकि
• अब तक 1700+ विद्यार्थी सरकारी नौकरी व 2200+ विद्यार्थी को प्राइवेट अस्पताल मे नौकरी प्राप्त
• सुरक्षित कैम्पस • अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षा
• छ.ग. के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा व जिला चिकित्सालय बिलासपुर-रायपुर में क्लीनिकल प्रशिक्षण
सेपरेट गर्ल्स और बॉयज़ हॉस्टल
100% कैम्पस प्लेसमेंट की गारंटी
24x7 CCTV कैमरे की निगरानी
ADMISSION RELATED QUERY:
Kota Road, Sakri, Bilaspur 7722995707, 9993575707
New Rajendra Nagar, Raipur 9993582707, 7722991707
@cgcollegeofnursing +91 9993582707 www.cgnursing.com ccnraipur@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## घरघोड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

**घरघोड़ा।** श्रद्धा और भक्ति का संगम इस बार घरघोड़ा नगर में देखने को मिलेगा। 26 अगस्त से 1 सितम्बर 2025 तक लैलूंगा रोड स्थित शिब्बू फड़ पर पितृमोक्षार्थ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन पूरे सप्ताह नगरवासियों और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर देगा। कथा वाचन के लिए गया धाम बिहार से आचार्य ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा और विजय कुमार व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएँगे। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन होगा। मंगलाचरण और भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें नगर की गलियाँ शंख, घंटियों की गूंज और भक्ति गीतों से मुखरित होंगी। सप्ताहभर चलने वाली कथा में भक्तगण कपिलोपाख्यान, प्रह्लाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, महारास, कंस वध और रुक्मणी विवाह जैसे दिव्य प्रसंगों का श्रवण करेंगे। 1 सितम्बर को कथा का समापन सुदामा चरित्र एवं पूर्णाहुति के साथ होगा। कथा स्थल पर प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया जाएगा, वहीं 26 सितम्बर को विशाल महाभंडारे का आयोजन रखा गया है।

## केलो संगम पर हुआ शिव का अस्थि विसर्जन

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से करीब 20 किलोमीटर दूर ओडिशा सीमा पर स्थित ग्राम तिलगी में महानदी और केलो नदी का संगम स्थल है। यही वह स्थान है, जहां से स्वर्गीय शिव राजपूत ने वर्ष 2019 में पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐतिहासिक पहल की थी। इसी पावन स्थल पर गुरुवार को उनके परिजनों और साथियों ने उनकी अस्थियों का विसर्जन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्व. शिव राजपूत ने वर्ष 2019 में महानदी–केलो संगम से पहारलुडे उद्गम स्थल तक पदयात्रा की थी। इस यात्रा में उनके साथ लक्ष्मी नारायण चौधरी, सीताराम चौहान और तात्कालीन कांदागढ़ सरपंच सोमती सिदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए थे। उनका उद्देश्य था जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा। वे अक्सर आमजनों के हक और पर्यावरण बचाने के मुद्दों पर संघर्ष करते रहे।

## किसानों को मिला 24 साल बाद मुआवज़ा

**सरसीवा।** ग्राम मलुहा तहसील बिलाईगढ़ के भू-धारक किसानों को आखिरकार 24 वर्षों से डूबी हुई जमीन का लंबित मुआवज़ा मिल गया। यह सफलता भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ द्वारा 6 दिनों से इंदिरा मार्केट बिलाईगढ़ परिसर में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के बाद मिली। प्रदेश सचिव मनीष चेलक ने बताया कि इस संघर्ष में कई बार अकेलेपन का सामना करना पड़ा, लेकिन हौसला और विश्वास कभी टूटा नहीं। उन्होंने कहा यह केवल कागज़ी जीत नहीं, बल्कि हर उस कदम की पहचान है जो हमने सत्य और न्याय के लिए उठाया। मुआवज़ा मिलने से किसानों के चेहरों पर राहत है और लंबे समय से चला आ रहा विवाद सुलझा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह जीत केवल आर्थिक मदद भर नहीं है, बल्कि यह संदेश है कि सच्चाई और न्याय के लिए उठाई गई आवाज़ कभी अनसुनी नहीं रहती।

**पेज 1 का शेष**

## पारंपरिक व्यंजन ...

द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक व्यंजनों का अवलोकन किया। उन्होंने इन व्यंजनों का स्वाद भी चखा और सराहना भी की। छत्तीसगढ़ अभी युवा, विकास के पथ पर बढ़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ अभी युवा है और तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जशपुर की कला-संस्कृति, खानपान और पारंपरिक व्यंजनों को हमें सहेजते हुए पूरी दुनिया को इसके विशेषताओं से परिचित कराना है। व्यंजन पौष्टिक एवं स्वादिष्ट-जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि यहां की जनजातीय समुदायों द्वारा बनाया गया व्यंजन काफी स्वादिष्ट और पौष्टिकता से भरपूर होता है। अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी इसका स्वाद काफी भाता है। हर त्योहारों के अनुसार यहां पर अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं, जो कि यहां की समृद्ध संस्कृति को भी प्रदर्शित करता है।

### खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि एग्रीस्टेक पोर्टल पर शेष किसानों का रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, उसकी मैदानी स्तर पर समीक्षा की जाए और अमला विशेष अभियान चलाकर कार्य करे। इस कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कृषि विभाग को खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार निरीक्षण और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन दुकानों में अनियमितता मिलेगी, वहां अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही किसानों को नैनो डीएपी के उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए विभाग को सक्रिय रहने को कहा। कलेक्टर ने फसल बीमा योजनान्तर्गत किसानों को क्षति की



स्थिति में तत्काल मुआवजा दिलाने के लिए कृषि अमले को तत्परता से कार्य करने कहा। बैठक में कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और स्वायल हेल्थ कार्ड योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

### पशुपालन और मत्स्य विभाग पर निर्देश

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए लैलूंगा और धरमजयगढ़ क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान और बधियाकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पशुपालकों को अधिक संख्या में कृत्रिम गर्भाधान हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं, मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मछली पालन हेतु अवितरित तालाबों के पट्टे शीघ्र ही मछुआ समितियों को प्रदान किए जाएं।

### उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों को ऑयल पॉम प्लांटेशन से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा।

# स्कूल से नदारद प्रभारी प्राचार्य समेत 6 को नोटिस



**लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई तेज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गाताडीह में प्राचार्य समेत आधा दर्जन शिक्षक-शिक्षिकाओं को लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। डीईओ जेआर डहरिया गुरुवार को स्कूल में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान प्रार्थना तय समय पर शुरू कराई गई, लेकिन कई शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। एक शिक्षक पिछले आठ दिन से बिना सूचना के अनुपस्थित था। कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित नहीं की जा रही थीं। कक्षा निरीक्षण में कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों के लिए विषयवार साप्ताहिक टेस्ट नहीं हो रहा था। प्राचार्य द्वारा इसका नियमित पालन नहीं किया जा रहा था। शिक्षक और लिपिकों के स्कूल आने के समय में भी लापरवाही पाई गई। डीईओ ने देरी से स्कूल आने वाले और बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और छात्र.छात्राओं से बातचीत की। प्राचार्य द्वारा नियमित शाला अवलोकन नहीं किए जाने पर फटकार लगाई गई। डीईओ ने डीके प्रधान व्याख्याता को 12 अगस्त से 20 अगस्त तक बिना सूचना अनुपस्थित पाया। अनुशासनहीनता और लापरवाही के कारण प्रभारी प्राचार्य समेत आधा दर्जन शिक्षक-कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

# गांवों में नहीं मुक्तिधाम, छतरी-टीनशेड लगाकर करते हैं अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भले ही विकास के बड़े.बड़े वादे किए जा रहे हों, लेकिन सच्चाई इससे अलग है। शासन ग्रामीण क्षेत्रों में कई योजनाएं चलाकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद गांवों में विकास और मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही हैं। ग्राम पंचायत डोमाडीह ब के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए टीनशेड तक नहीं है। वहीं शमशान की जमीन पर अवैध कब्जा है। इससे गांव में किसी की मौत पर अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ती है। खासकर बरसात के दिनों में अंतिम संस्कार किसी मुसीबत से कम नहीं होता है।

करोड़ों रुपए खर्च करने वाली ग्राम पंचायत मुक्तिधाम तक नहीं बना पाई है। इस कारण ग्रामीणों को सड़क किनारे ही खुले में या फिर अपने निजी खेत व जमीन पर अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग व शिकायत के बाद भी अधिकारियों कोई ध्यान नहीं दिया। बारिश के दिनों में तो मृतकों के परिवार व ग्रामीणों पर दोहरी कष्ट झेलना पड़ता है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए बारिश के दिनों ग्रामीण खासे परेशान होते हैं। बारिश



से बचने मुक्तिधाम और टीनशेड नहीं है। इससे ग्रामीण अंत्येष्टी को बारिश के पानी से बचाने के लिए जिस स्थान पर अस्थाई मुक्तिधाम बनाया जाता हैए वहां पर उन्हें वैकल्पिक रूप से छतरी, टीनशेड लगाना पड़ता है। वहीं अस्थाई मुक्तिधाम पहुंच मार्ग भी कीचड़ से भरा है। ऐसे में शव यात्रा में शामिल व व्यवस्था करने वाले लोगों को खासी मुसीबतें उठाना पड़ती हैं। पंचायत डोमाडीह ब आश्रित ग्राम पिकरी इस दोनों गावं में विकास को लेकर उदासीनता नजर आ रही है इस गांव में स्कूल एवं किचन शेड जर्जर हालत में है और इस ग्राम में शौचालय की आवश्यकता है इस ग्राम के लोग शौच करने बाहर सडक में जाने को मजबूर हैं विकास से कोसों दूर इस ग्राम पंचायत के लोगों को बुनियादी सुविधा से वंचित रहा है।

## बाजार से बाइक चोरी पुलिस के लिए चुनौती

**कटेली।** ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों की नींद उड़ा दी है। खासकर बाइक चोर गिरोह की सक्रियता ने पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सप्ताहिक बाजार और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में इनका गिरोह बड़ी चालाकी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है। ताजा मामला सारंगढ़ सप्ताहिक बाजार का है। जहां रामकुमार मनहर पिता हरिदयाल, निवासी वार्ड क्रमांक-03 सारंगढ़ की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। रामकुमार, जिन्होंने एमए फाइनल तक पढ़ाई की है, वर्तमान में किराना दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 17 अगस्त की शाम करीब 4 बजे अपनी टीवीएस एक्सएल (क्रमांक CG-13 AQ 9615) दुकान के सामने खड़ी कर काम में लग गए थे। जब शाम लगभग 6 बजे घर जाने के लिए बाहर निकले, तो पाया कि उनकी गाड़ी वहां से गायब है।

# कन्या शाला घरघोड़ा में शिक्षा गुणवत्ता अभियान पर कार्यशाला

**घरघोड़ा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत जिले में शैक्षणिक स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को घरघोड़ा विकासखंड के कन्या संकुल विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानपाठकों और शाला प्रभारियों को बुलाकर शिक्षा गुणवत्ता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कन्या संकुल प्रभारी प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा ने कार्यशाला का संचालन करते हुए सभी प्रधानपाठकों से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि



शासन द्वारा तय किए गए मानकों के आधार पर सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा, जिसमें विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, संसाधनों का उपयोग, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था और शिक्षण पद्धति की समीक्षा होगी। कार्यशाला में विशेष रूप से इंस्पायर अवॉर्ड, इको क्लब, बैक लेस डे, लर्निंग कॉर्नर, स्मार्ट क्लास, और मध्यान्ह भोजन जैसी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शैक्षणिक सामग्री का बेहतर उपयोग करने और शिक्षण वातावरण को आकर्षक बनाने पर भी सुझाव दिए गए।

# बैडमिंटन में चमका अभिनव स्कूल का नाम



**पुसौर।** खेलों में प्रतिभा को निखारने वाले खिलाड़ियों की मेहनत आखिरकार रंग लाई। पुसौर के अभिनव स्कूल के तीन छात्र बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं।

जानकारी के अनुसार यह चयन प्रक्रिया खंड स्तरीय प्रतियोगिता से शुरू हुई थी। इसमें क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए। खंड स्तर से चयनित खिलाड़ी जिला स्तर की प्रतियोगिता में उतरे, जहां पुसौर के अभिनव स्कूल ने अपनी पहचान मजबूत की। अंडर-17 वर्ग में नमन साव और मयंक प्रधान का चयन हुआ, वहीं अंडर-14 वर्ग में नमन साव ने अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ी नमन साव और सूरज साव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव के पुत्र हैं। दोनों छात्र प्रतिदिन तड़के सुबह उठकर दर्राखार स्थित बैडमिंटन ग्राउंड में अभ्यास करते थे। उनके मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रहे — शिक्षक व कोच कृष्ण कुमार बारीक, प्रमोद महाणा, वरिष्ठ हवलदार व कोच टीकाराम बरेठ, शुभम साव, शिवम साव, पीटीआई राहुल वैष्णव और अभिनव सतपथी। इन छात्रों की उपलब्धि पर अभिनव स्कूल प्रमुख अक्षय सतपथी, शाला समिति अध्यक्ष दिलीप पांडेय सहित शिक्षकों और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राउरकेला को अब तक स्वास्थ्य जिला का दर्जा क्यों नहीं: डॉ यादव

**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने राउरकेला को अब तक स्वास्थ्य जिला का दर्जा न दिए जाने पर कड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राजस्व, पुलिस, आबकारी, शिक्षा, कृषि और परिवहन जैसे सभी विभागों के लिए राउरकेला को जिला का दर्जा प्राप्त है, किंतु स्वास्थ्य जिला का दर्जा आज तक नहीं मिल पाया।

डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2008 में राउरकेला को स्वास्थ्य जिला बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई थी, लेकिन 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी फाइलें जस की तस पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके

- एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष ने उठाया बड़ा सवाल

कारण राउरकेला की जनता आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है।

उन्होंने बताया कि राउरकेला सरकारी अस्पताल के विकास हेतु 627 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है, किंतु जगह की कमी के चलते परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। उनका कहना था कि इस्पात संयंत्र के खाली पड़े स्थानों का अधिग्रहण कर अस्पताल का विस्तार किया जाना चाहिए।डॉ. यादव ने कहा कि गोपालपुर से गुआली तक फैले 300 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में केवल एक ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर स्वास्थ्य सेवाओं का बोझ डालना अव्यावहारिक है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द राउरकेला को स्वास्थ्य जिला का दर्जा दिया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

**पुसौर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रदेश स्तरीय निर्देशों के तहत पुसौर क्षेत्र में बीते बुधवार को खाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापामार जांच की गई। एचडीओ राठौर और एसएडीओ आर.के. पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में केदार फर्टिलाइजर्स गढ़उमरिया, अग्रवाल खाद भंडार पुसौर, प्रधान ट्रेडर्स पुसौर और बाबा मोहनदास एग्रो वर्क्स कसाईपाली का निरीक्षण किया गया। जांच में प्रधान ट्रेडर्स पुसौर के पीएएस स्टॉक और केदार फर्टिलाइजर्स का स्टॉक रजिस्टर अनियमित पाया गया। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी खाद विक्रेता किसानों को केवल उचित मूल्य पर ही उर्वरक प्रदाय करें। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या भंडारण अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी बाबा मोहनदास एग्रो वर्क्स और किसान इंटरप्राइजेज पुसौर पर उर्वरक अधिनियम के तहत बिक्री प्रतिबंध की कार्रवाई की जा चुकी है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविरों से 448 ग्रामीणों को मिला निःशुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से अब तक 448 ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा चुका है। ग्रामीण अंचलों में इन शिविरों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है और बड़ी संख्या में मरीज इसका लाभ उठा रहे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अजय नायक के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों में विशेष रूप से वात रोग, उदर रोग, कास-खांसी, कमजोरी और दुर्बलता जैसी समस्याओं से पीड़ित महिलाओं, बुजुर्गों और असहाय ग्रामीणों का उपचार किया गया। शिविर में न केवल औषधीय उपचार किया जा रहा है, बल्कि लोगों को आहार-विहार, योगासन, स्वच्छता, नशा मुक्ति और जीवनशैली जन्य रोगों से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। अगस्त माह में यह शिविर विशेष रूप से नावापारा परसापाली, शिगपुरी, छिछोर उमरिया और टिनमिनि गांवों में आयोजित किए गए, जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविरों में मरीजों को आयुर्वेदिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष बुनगा द्वारा प्रत्येक माह विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से जोड़ना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

### परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक में सीईओ ने दिए निर्देश

# प्राथमिकता से केसीसी प्रकरणों को दें स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने लीड बैंक योजनांतर्गत जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक ली। बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकिंग संस्थाओं की भागीदारी की समीक्षा की गई।

सीईओ श्री यादव ने बैठक में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी से जुड़े किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) प्रकरणों का निराकरण बैंकों द्वारा प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर लोन स्वीकृति



मिलने से किसान और पशुपालक अपने कार्यों के लिए आवश्यक राशि जुटा पाएंगे।

उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा दिए जाने वाले प्रत्यक्ष कृषि ऋण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में सभी बैंक शाखाएँ अपने-अपने स्तर पर वितरित किए गए कृषि ऋण की समीक्षा करें और राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप काम सुनिश्चित करें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के कार्यों की समीक्षा करते हुए सीईओ श्री यादव ने कहा कि प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को संबंधित उद्यमों और संस्थाओं का भ्रमण कराया जाए, ताकि उन्हें व्यवहारिक अनुभव मिल सके।

### महिला समूहों को मिले पूंजी

बैठक में महिला स्व-सहायता समूहों को दिए जा रहे लोन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सीईओ श्री यादव ने कहा कि महिला समूहों की आजीविका बढ़ाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें लोन के रूप में पूंजी उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकें।

### वित्तीय साक्षरता पर जोर

सीईओ ने निर्देश दिया कि फसल बीमा के अंतर्गत प्रीमियम की कटौती और उसकी ऑनलाइन एंट्री समय पर की जाए, जिससे जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित हो सके। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों, महिला समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और लघु उद्योग संचालकों को बजटिंग, निवेश, टैक्सेशन, व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ सायबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया जाए।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411